प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विष्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

किसान मेले में जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने भ्रमण कर की सराहना

पंतनगर किसान मेले के द्वितीय दिवस में जिलाधिकारी श्री युगल किशोर पंत ने विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के साथ मेला भ्रमण किया। जिलाधिकारी, उधमसिंहनगर ने कृषि विज्ञान केन्द्र, विश्वविद्यालय के महाविद्यालय व अनुसंधान संस्थानों की स्टॉलों में भ्रमण कर कृषि की सतत् तकनीकों के मॉडल व प्रदर्शनों का अवलोकन किया। उन्होंने मेले में आये हुए छोटी जोत के कृषि यंत्रों की उपयोगिता की सराहना करते हुए कहा कि पहाड़ों पर कृषि को उद्यम के रूप में स्थापित करने के लिए इनका योगदान महत्वपूर्ण है। मेले के तीसरे दिवस में उधमसिंह नगर के अन्य रेखीय अधिकारियों द्वारा भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने मुख्य विकास अधिकारी, डा. आशीष भटगई; मुख्य कृषि अधिकारी, डा. अजय कुमार वर्मा; मुख्य उद्यान अधिकारी, श्रीमती भावना जोशी; जिला कार्यक्रम अधिकारी, श्री उदय प्रताप सिंह; मुख्य प्रबंधक, नादेही गन्ना मिल, जसपुर, श्री विवेक प्रकाश; पादप सुरक्षाधिकारी, सुश्री विधि शुक्ला; जिला समाज कल्याण अधिकारी, श्री अमन अनिरूद्ध; इनके अतिरिक्त उपमुख्य पशुचिकित्साधिकारी, जिला सूचना अधिकारी जिला उद्योग अधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी, सहायक गन्ना आयुक्त इत्यादि के साथ अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने किसान मेले के स्टालों का भ्रमण कर आधुनिक कृषि तकनीकों का अवलोकन किया।

किसान मेले के स्टालों का अवलोकन करते जिलाधिकारी, ऊधमसिंह नगर एवं अन्य अधिकारी।

किसान मेले के स्टालों का भ्रमण कर अवलोकन करते जिले के वरिष्ठ अधिकारीगण।